राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम

सावधि ऋण योजना- पंचकूला, हरियाणा

सफलता की कहानी

लाभार्थी का नाम	*अमित आर्या*
जिला एवं राज्य	*पंचकूला, हरियाणा*
योजना का नाम	*सावधि ऋण*
ऋण स्वीकृति का वर्ष	*2019*
ऋण राशि	*रू. 1,00,000/-*
कार्य/व्यवसाय	*डिजिटल सर्विस सेंटर*
राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसी	*हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग कल्याण निगम*

मैं अमित आर्या, हरियाणा के पंचकुला जिले का निवासी हूं। एक दिन, मैंने पंचकुला में हरियाणा पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम (एचबिसिकेएन) द्वारा आयोजित एक जागरूकता शिविर में भाग लिया, जो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के कल्याण के लिए हरियाणा राज्य में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (एनबीसीएफडीसी) की योजनाओं को क्रियान्वित करता है। उस समय मेरी वित्तीय स्थिति अच्छी नहीं थी और इसलिए मैंने एचबीसीकेएन के जिला कार्यालय में स्व-रोज़गार उद्यम के लिए ऋण आवेदन किया।

एचबीसीकेएन ने एनबीसीएफडीसी की सावधि ऋण योजना के तहत रू.1.00 लाख की राशि स्वीकृत की और मैंने ऋण राशि से अपने गांव में डिजिटल सेवा केंद्र (डी.एस.सी.) शुरू किया, जहां मैं लोगों को विभिन्न ई-सेवाएं प्रदान करता हूं।

मेरा डी.एस.सी. मेरे गांव और आस-पास के इलाकों के लोगों के बीच बहुत सफल और लोकप्रिय रहा है। अब, मेरी वार्षिक आय लगभग रू. 2,30,000/- है, जिससे न केवल मुझे समय पर ऋण चुकाने में मदद मिलती है बल्कि अपने परिवार का भरण-पोषण करने में भी मदद मिलती है।

मुझे अपना स्वयं का डी.एस.सी. शुरू करने का अवसर देने के लिए मैं एचबीसीकेएन और एनबीसीएफडीसी का बहुत आभारी हूं। मुझे एनबीसीएफडीसी की ऋण योजना की मदद से हरियाणा के डिजिटल परिवर्तन का हिस्सा बनने पर गर्व है।